## भवन निर्माण अनुमति हेतु नजूल की एनओसी अनिवार्य

रतलाम। मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम 2012 व नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय के परिपत्र में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार नगरीय क्षेत्र रतलाम में भवन निर्माण हेतु नजूल विभाग की अनापत्ति (एनओसी) प्राप्त किये जाने के उपरांत ही नगर निगम द्वारा भवन निर्माण अनुमति नियमानुसार प्रदान की जावेगी। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि रतलाम नगरीय क्षेत्र में रतलाम विकास प्राधिकरण, मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना मंडल रतलाम की कालोनियां तथा नगर तथा ग्राम निवेश विभाग रतलाम से स्वीकृत/अनुमोदित कालोनियों को छोड़कर नगर के सभी स्थानों पर सभी प्रकार की भवन निर्माण अनुमति हेतु नजूल विभाग की अनापत्ति (एनओसी) को अनिवार्य किया गया है तद् उपरान्त ही नगर निगम द्वारा भवन निर्माण अनुमति नियमानुसार प्रदान की जावेगी।

## मुख्यमंत्री चौहान का बजली हेलीपैड पर आत्मीय स्वागत

12-12-21

रतलाम। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार को रतलाम आए। स्थानीय बंजली हेलीपैड पर मुख्यमंत्री का स्थानीय जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों आदि द्वारा आत्मीय स्वागत, अभिनंदन किया गया। इस मौके पर प्रभारी मंत्री ओ.पी.एस. भदोरिया, सांसद गुमानसिंह डामोर, विधायक चैतन्य काश्यप, दिलीप मकवाना, राजेंद्रसिंह लुनेरा, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी व अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी उपस्थित थे।

# खुले में गंदगी करने पर 29 व्यक्तियों पर जुर्माना

## मास्क नहीं लगाने पर 81 व्यक्तियों पर जुर्माना, गंदगी करने वालो की सूचना स्पॉट फाईन दल को दें

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम 12-12-21

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशांनुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर पहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर अतिक्रमण करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 10 दिसम्बर को 29 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार खुले में गंदगी करने पर निलेश डाट की पुल पर 200, अजहर अली सागोद रोड, जितेन्द्र बाजना बस स्टैण्ड, संतोष किराना, पृथ्वीराज जावरा रोड, सुभाष, प्रदीप मालवीय, पंकज, नदीम, स्टेशन रोड, सुनील महू रोड, समरथमल मित्र निवास रोड पर 100-100 अनिल-रमेश, सोनू सागोद रोड, राजेश, किशोर, संदीप पाटीदार बाजना बस स्टैण्ड, धर्मेन्द्र अमृत सागर, प्रदीप डाट की पुल, रमेश, कालू, विज्जू, जावरा रोड, महेन्द्र स्टेशन रोड, आकाश, पाण्डेजी, विजय महू रोड, शिवनारायण, विकास, सिद्धार्थ कुमार मित्र निवास रोड व विष्णु बैरागी पोलोग्राउण्ड पर 50-50 रुपए का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी।

इसके अलावा नगर विभिन्न क्षेत्रों में बिना मास्क वाले 81 व्यक्तियों पर 100-100 रुपए का स्पॉट फाईन पर मास्क अनिवार्य रूप से लगाने की

## संक्षिप्त समाचार

### लोक अदालत : बकाया के रूप में संपत्तिकर 28 लाख व जलकर 13 लाख जमा हुए

रतलाम । राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व राज्य शासन के निर्देशानुसार संपत्तिकर व जलकर के बकायादारों को अधिभार ( सरचार्ज ) में छूट देने हेतु शनिवार को एक दिवसीय नेशनल लोक अदालत में नागरिकों ने संपत्तिकर एवं जलकर की बकाया राशि जमा कराकर दी जा रही अधिभार ( सरचार्ज ) राशि में छूट का लाभ लिया। आज नेशनल लोक अदालत के तहत जिला न्यायालय व फायर ब्रिगेड भवन नगर निगम कार्यालय में बकायादारों ने 199 प्रकरणों के तहत संपत्तिकर के 28 लाख 25 हजार 9 सौ 26 रूपये तथा 163 प्रकरणों के तहत जलप्रदाय के 13 लाख 33 हजार 5 सौ 50 रूपये कुल राषि 41 लाख 59 हजार 4 सौ 76 रूपये जमा कराकर अधिभार ( सरचार्ज ) की राशि में छूट का लाभ लिया।

### किसानो को समर्थन मूल्य का भुगतान करने आधार डाटाबेस में सुधार

13-12-21

रतलाम। इंडिया पोस्ट पैमेंट बैंक ( आइपीपीबी ) द्वारा समर्थन मूल्य पर खाद्यान्न विक्रय करने वाले किसानों एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत सम्मिलित पात्र हितग्राहियों के आधार डाटाबेस में सुधार करने के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत एवं समर्थन मूल्य पर खाद्यान्न विक्रय करने वाले किसानों को समर्थन मूल्य का भुगतान सुनिश्चित करने के लिए उनके आधार लिंक बैंक खाते में भुगतान की व्यवस्था की गई है। भुगतान के लिए आधार में सही मोबाइल नम्बर दर्ज होना आवश्यक है जिससे ओटीपी भेजा जा सके। आधार नम्बर में वर्तमान अथवा सही मोबाइल नम्बर दर्ज करने का कार्य पोस्ट ऑफिस में एवं पोस्ट ऑफिस द्वारा कैम्प आयोजित कर की जाएगी। संशोधित मोबाइल नंबर दर्ज करने के लिए प्रति हितग्राही 50 रूपये का भुगतान करना होगा। किसानो के आधार नंबर में सही मोबाइल नंबर दर्ज करने की कार्यवाही अभियान के रूप में की जाएगी, आगामी रबी विपणन मौसम में किसानों को समर्थन मूल्य का भुगतान उनके आधार लिंक बैंक खाते में किया जा सके।

### खुले में गंदगी करने की, 9 पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर अतिक्रमण करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है, जिसके तहत 11 दिसम्बर को 9 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार खुले में गंदगी करने पर श्यामलाल, रामलाल नौलाईपुरा, मांगीलाल गणेशदेवरी, लालाजी धानमण्डी पर 100-100, अजय शर्मा, गोविन्द, भगवानसिंह अमृत सागर व गोपाल पंड्या धानमण्डी पर 50-50 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी।

### 67 टन से अधिक कचरा जुलवानिया पहुंचा

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे व सड़को व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन किया जाकर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर पहुंचाया जा रहा है जिसके तहत शनिवार को 67 टन से अधिक कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर पंहूचाया गया। शनिवार को डम्पर से 20900, ट्रेक्टर से 14585, काम्पेक्टर सूखा कचरा 17190 व काम्पेक्टर गीला कचरा 13830 किलो इस तरह कुल 67225 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पहुंचाया गया।

**जांच** • निगम इंजीनियर क्षेत्रों में कर रहे पड़ताल, 5 केस में 35 लाख का कंपाउंडिंग शुल्क आया

# परमिशन के विपरीत मकान बनाने वाले 47 को नोटिस जारी, भरना पड़ेगी कंपाउंडिंग फी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

## पहले बड़े मकानों की पड़ताल, उसके बाद छोटे और फिर दुकान व शोरूम की बा

परमिशन में निर्धारित क्षेत्रफल से अधिक में मकान बनाने वाले से कंपाउंडिंग शुल्क वसूलने के लिए नगर निगम ने मुहीम तेज कर दी है। एक सप्ताह में ऐसे 47 लोगों को नोटिस जारी हो चुके हैं। निगम के इंजीनियर लगातार अपने-अपने क्षेत्र में सर्वे करते हुए मकान निर्माण अनुमतियों की जांच कर रहे हैं। जिनका निर्माण परमिशन से ज्यादा निकल रहा है, कंपाउंडिंग भरवाने की प्रक्रिया जारी है। इसमें प्राथमिकता के आधार पर पहले बड़े मकानों की पड़ताल की जा रही है। उसके बाद छोटे और फिर दुकान व शोरूम की बारी आएगी। बीते एक पखवाड़े से चल रही कवायदों के चलते अब तक कंपाउंडिंग के 5 प्रकरण ही बन पाए हैं। इससे नगर निगम के खाते में 35 लाख रुपए जमा हुए हैं।

### ऐसे भर सकते हैं कंपाउंडिंग राशि

- शहर के 59 लाइसेंसी कंसल्टेंट की सहायता से या खुद ऑनलाइन।
- कंसल्टेंट वर्तमान मकान का वास्तविक नक्शा बनाएगा।
- पुराने और नए नक्शे के आधार पर डिफरेंस निकालकर कंपाउंडिंग शुल्क का निर्धारण करेगा।
- यह राशि ऑनलाइन जमा होने पर रसीद मिलेगी, यही फाइनल अनुमति होगी।

### कार्रवाई के बाद उपयंत्रियों के काम में आई तेजी

कंपाउंडिंग शुल्क भरवाने की कार्रवाई में यह तेजी उपयंत्रियों पर हुई कार्रवाई के बाद आई है। दो दिन में पहले अनुमति और स्वीकृत मानचित्र के विपरीत मकान बनाने वालों के प्रशमन (कंपाउंडिंग) प्रकरण बनाकर नोटिस जारी नहीं करने पर आयुक्त सोमनाथ झारिया ने 2 प्रभारी सहायक यंत्री और 6 उपयंत्रियों की एक वेतनवृद्धि रोक दी थी। इसके बाद से अब तक उपयंत्रियों ने 40 से ज्यादा लोगों को नोटिस जारी कर कार्रवाई शुरू कर दी है। उधर नोटिस मिलने के बाद 59 लाइसेंसी कंसल्टेंट ने भी कंपाउंडिंग के ऑनलाइन आवेदन जमा करना शुरू कर दिए हैं।

### अनुमति से ज्यादा निर्माण अब 30 फीसदी तक जायज

बता दें कि पहले स्वीकृत क्षेत्रफल से अधिक में मकान, दुकान और कमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाने वालों के भवन तोड़ दिए जाते थे। इसके अलावा मप्र नगर पालिक निगम अधिनियम के अनुसार बिल्डिंग परमिशन से 10 फीसदी तक अधिक निर्माण पर कंपाउंडिंग राशि भरी जा सकती थी। नए बदलाव के बाद सरकार ने यह सीमा बढ़ाकर 30 प्रतिशत कर दी है। शुल्क भरने पर यह अवैध निर्माण वैध हो जाएगा।

13-12-21

### 26 फरवरी तक 20 प्रतिशत की छूट

परमिशन से अधिक निर्माण वा
के लिए एक सुनहरा अवसर भ
है। सरकार कंपाउंडिंग राशि पर
26 फरवरी तक 20 फीसद की
छूट दे रही है। इसके बाद 100
प्रतिशत शुल्क लगेगा। यदि कि
कंपाउंडिंग शुल्क नहीं भरा तो नि
द्वारा नियमानुसार कार्रवाई करेगी

*सरकार ने कंपाउंडिंग में नियम
में बदलाव कर उसे अनिवार्य कि
है। इसके लिए निगम के इंजीनि
द्वारा कार्रवाई की जा रही है। अ
तक पांच प्रकरण फाइनल हुए है
लगभग 47 को नोटिस जारी कि
जा चुके हैं। प्रक्रिया तेज करेंगे।*

**सोमनाथ झारिया**, आयुक्त

## न्यूज गैलरी

### 43 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया



रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। इसके तहत रविवार को 43 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डंपर से 14202, ट्रैक्टर-ट्राली से 6565, काम्पेक्टर सूखा कचरा 11060, काम्पेक्टर गीला कचरा 11350 कुल 43180 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया।

बढ़ी हुई लागत के दस करोड़ अटके, फरवरी में काम पूरा होना था

# धीमी हुई सुभाष नगर ब्रिज निर्माण की चाल



सुभाष नगर ओवरब्रिज निर्माण में पिलर का काम पूरा हो गया है। • नईदुनिया

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। सुभाष नगर ओवरब्रिज निर्माण 2 फरवरी 2022 तक पूरा करने का लक्ष्य था जो अब पूरा होता नजर नहीं आ रहा है। अब काम पूरा होने में छह से सात महीने की देरी हो सकती है। अभी सुभाष नगर व विरियाखेड़ी छोर पर पिलर तैयार हो गए हैं। विरियाखेड़ी छोर से रिटेनिंग वाल व सभीर पाइल कैप (ऊपरी हिस्सा) लगा दी गई है। सुभाष नगर छोर पर बिजली लाइन हटाने के लिए बिजली कंपनी को करीब 2.25 करोड़ रुपये का भुगतान करना बाकी है। ब्रिज निर्माण की लागत करीब दस करोड़ रुपये बढ़ गई है। बढ़ी हुई राशि की स्वीकृति नहीं मिलने से निर्माण का काम धीमा हो गया है।

मालूम हो कि 28 मार्च 2017 को मिली प्रशासकीय स्वीकृति में ब्रिज निर्माण की लागत 23.27 करोड़ रुपये तय की गई थी। इधर मुआवजा व अन्य कारणों से लागत करीब 34 करोड़ रुपये हो गई है। सेतु निर्माण विभाग ने रिवाइज्ड लागत का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। भोपाल में वित्त विभाग, लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिवों की मौजूदगी में होने वाली इएफसी कमेटी की बैठक नहीं होने से अभी तक प्रस्ताव को स्वीकृति नहीं मिल पाई है।

**हर पांच से दस मिनट में बंद होता है रेलवे फाटक**

सुभाष नगर रेलवे फाटक दिल्ली-मुंबई रेलमार्ग पर है। यहां ट्रेनों का दबाव अधिक होने से हर पांच से दस मिनट में फाटक बंद करना पड़ता है। ब्रिज का निर्माण चालू होने के बाद आवागमन बंद कर दिया गया है, लेकिन ब्रिज बनने से आसपास की 22 से अधिक कालोनियों के 35 हजार से ज्यादा लोगों को राहत मिलेगी। इसके साथ ही सैलाना रोड प्रताप ओवर ब्रिज पर भी दबाव कम होगा।

> लागत अधिक होने पर अंतर की राशि के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा है। राशि मिलते ही सभी काम हो जाएंगे।
>
> -आरके गुप्ता, एसडीओ, सेतु विकास निगम

## लोक अदालत में बकायादारों ने संपतिकर व जलकर की बकाया राशि जमा कराकर अधिभार राशि में छूट का लाभ लिया

रतलाम। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व राज्य शासन के निर्देशानुसार संपतिकर व जलकर के बकायादारो को अधिभार (सरचार्ज) में छूट देने हेतु 11 दिसम्बर शनिवार को एक दिवसीय नेशनल लोक अदालत में नागरिकों ने संपतिकर एवं जलकर की बकाया राशि जमा कराकर दी जा रही अधिभार (सरचार्ज) राशि मे छूट का लाभ लिया। नेशनल लोक अदालत के तहत जिला न्यायालय व फायर ब्रिगेड भवन नगर निगम कार्यालय में बकायादारों ने 199 प्रकरणों के तहत संपतिकर के 28 लाख 25 हजार 9 सौ 26 रूपए तथा 163 प्रकरणो के तहत जलप्रदाय के 13 लाख 33 हजार 5 सौ 50 रूपए कुल राशि 41 लाख 59 हजार 4 सौ 76 रूपए जमा कराकर अधिभार (सरचार्ज) की राषि में छूट का लाभ लिया।

## खुले में गंदगी करने पर 9 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर अतिक्रमण करते हैं, उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितो पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है, जिसके तहत 11 दिसम्बर को 9 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार खुले में गंदगी करने पर श्यामलाल, रामलाल नौलाईपुरा, मांगीलाल गणेशदेवरी, लालाजी धानमण्डी पर 100-100, अजय शर्मा, गोविन्द, भगवानसिंह अमृत सागर व गोपाल पंड्या धानमण्डी पर 50-50 रूपए का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी।

13-12-21

## लोक अदालत में बकायादारों ने संपतिकर व जलकर की बकाया राशि जमा कराकर अधिभार राशि में छूट का लाभ लिया

रतलाम। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व राज्य शासन के निर्देशानुसार संपतिकर व जलकर के बकायादारों को अधिभार (सरचार्ज) में छूट देने हेतु 11 दिसम्बर शनिवार को एक दिवसीय नेशनल लोकं अदालत में नागरिकों ने संपतिकर एवं जलकर की बकाया राशि जमा कराकर दी जा रही अधिभार (सरचार्ज) राशि में छूट का लाभ लिया। नेशनल लोक अदालत के तहत जिला न्यायालय व फायर ब्रिगेड भवन नगर निगम कार्यालय में बकायादारों ने 199 प्रकरणों के तहत संपतिकर के 28 लाख 25 हजार 9 सौ 26 रूपये तथा 163 प्रकरणों के तहत जलप्रदाय के 13 लाख 33 हजार 5 सौ 50 रूपये कुल राशि 41 लाख 59 हजार 4 सौ 76 रूपये जमा कराकर अधिभार (सरचार्ज) की राशि में छूट का लाभ लिया।

13-12

## लोक अदालत में बकाया राशि जमा कराकर अधिभार राशि में छूट का लाभ लिया

रतलाम। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व राज्य शासन के निर्देशानुसार संपत्तिकर व जलकर के बकायादारों को अधिभार (सरचार्ज) में छूट देने हेतु 11 दिसम्बर शनिवार को एक दिवसीय नेशनल लोक अदालत में नागरिकों ने संपत्तिकर एवं जलकर की बकाया राशि जमा कराकर दी जा रही अधिभार (सरचार्ज) राशि में छूट का लाभ लिया। नेशनल लोक अदालत के तहत जिला न्यायालय व फायर ब्रिगेड भवन नगर निगम कार्यालय में बकायादारों ने 199 प्रकरणो के तहत संपत्तिकर के 28 लाख 25 हजार 9 सौ 26 रुपए तथा 163 प्रकरणों के तहत जलप्रदाय के 13 लाख 33 हजार 5 सौ 50 रुपए कुल राषि 41 लाख 59 हजार 4 सौ 76 रुपए जमा कराकर अधिभार (सरचार्ज) की राषि में छूट का लाभ लिया।

13-12

## सीनियर सिटीजन के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

रतलाम | यदि किसी सीनियर सिटीजन से भावनात्मक रूप से दुर्व्यवहार किया जा रहा है तो वह नंबर 14567 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार और सामाजिक न्याय व निशक्तजन कल्याण विभाग के तहत वरिष्ठ नागरिकों को सुविधाओं का मार्गदर्शन के लिए हेल्पेज इंडिया द्वारा हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर जारी किया है।

ओमिक्रॉन से सतर्कता

# अब तक 90 से ज्यादा लोग विदेश से रतलाम लौटे, संक्रमित एक भी नहीं

भास्कर संवाददाता | रतलाम

ओमिक्रॉन के खतरे के बीच हमारे शहर से लगातार राहतभरी खबरें मिल रही हैं। ओमिक्रॉन अलर्ट से लेकर अब तक शहर में 90 से ज्यादा लोग आ चुके हैं, लेकिन अच्छी बात ये है कि सभी की रिपोर्ट निगेटिव ही हैं। इधर, शहर में कोई अन्य व्यक्ति भी संक्रमित नहीं मिला है।

नवंबर के आखिरी दिनों से ओमिक्रॉन को लेकर अलर्ट आ गया था। तभी से विदेश से आने वाले लोगों पर नजर रखी जा रही है। भारत पहुंचने के बाद रतलाम के लोगों की सूची स्वास्थ्य विभाग के पास आ जाती है। सभी को ट्रेस किया जा रहा है। घरों को कंटेनमेंट भी बना रहे है। रतलाम में अब तक दुबई, कुवैत, साउथ अफ्रीका, यूएई सहित अन्य देशों के लोग आए है।

### दिसंबर में 9837 के लिए सैंपल

दिसंबर में 9837 लोगों के सैंपल लिए है, हालांकि, इनमें से एक भी पॉजिटिव नहीं मिला है। शहर में आखिरी पॉजिटिव 20 नवंबर को सामने आया था। अब तक जिले में कुल 17507 कोरोना के मामले आ चुके है। जिले में अब तक 311 लोग कोरोना के कारण दम तोड़ चुके हैं।

## खुले में गंदगी करने पर 9 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर अतिक्रमण करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 11 दिसम्बर को 9 व्यक्तियों पर जुमार्ना किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार खुले में गंदगी करने पर श्यामलाल, रामलाल नौलाईपुरा, मांगीलाल गणेशदेवरी, लालाजी धानमण्डी पर 100-100, अजय शर्मा, गोविन्द, भगवानसिंह अमृत सागर व गोपाल पंड्या धानमण्डी पर 50-50 रुपए का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी।

## दुकानों के आगे फर्शियां हटाकर सफाई की, एक सप्ताह बाद भी गंदगी पड़ी है



रतलाम | जावरा फाटक अंडरब्रिज के पास सफाई के लिए दुकानों के आगे की फर्शियां निगम ने हटाई। इसके बाद सफाई की। एक सप्ताह बाद भी नालियों से निकली गंदगी अब तक नहीं हटाई। इससे कारोबारी रोज परेशान हो रहे हैं और कारोबार करने में भी दिक्कत आ रही है। शिकायत भी की, लेकिन आज तक गंदगी जमा है।

13-12-21

## अंबेडकर सर्कल के सौंदर्यीकरण की मांग

रतलाम. अखिल भारतीय युवजन समाज भीम ब्रिगेड द्वारा बाबा साहेब अंबेडकर सर्कल के सौंदर्यीकरण एवं दलित साहित्य की लाइब्रेरी खोलने जाने की मांग की है। इस संबंध में उनके द्वारा शहर विधायक चेतन्य काश्यप को मांग पत्र सौंपा गया है। जिसमें सहानुभूति पूर्वक सौंदर्यीकरण करने एवं लाइब्रेरी खोले जाने की बात कही है। ज्ञापन के दौरान जिलाध्यक्ष देवा खरे, हेमंत दावरे, नरेंद्र खरे, पटेल समाजसेवी आनंद भेरवे, आकाश खरे आदि उपस्थित रहे।

# थावरिया बाजार की टंकी को तोड़ना शुरू किया

13-12-21

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. शहर की सबसे पुरानी थावरिया बाजार की जर्जर टंकी को तोड़ने के कार्य की शुरुआत रविवार से हो गई। इस टंकी के करीब ही नई टंकी का निर्माण पूर्व में किया जा चुका है। जिस टंकी को तोड़ना निगम ने ठेका देकर शुरू करवाया है, उसकी क्षमता करीब दो लाख गैलन की थी व करीब 25 से अधिक कॉलोनियों में वर्षों तक इससे पेयजल का वितरण होता था।

कॉलोनियों में पेयजल वितरण व्यवस्था प्रभावित नहीं हो इसलिए पुरानी टंकी के पास नई टंकी बनाई जा चुकी है। उसके बाद ही पुरानी को तोड़ा जा रहा है। निगम ने इस टंकी को तोड़ने के लिए ई-टेंडर जारी किए थे, जिसे शहर के ही एक निजी फर्म ने लिया है। टंकी के करीब ही बड़ी संख्या में रहवासी आवास है व चालू रोड है, इसके चलते संभलकर इसको तोड़ा जा रहा है। निगम के अधिकारियों के अनुसार करीब एक माह में टंकी तोड़ने का कार्य पूरा हो जाएगा।

## मास्क नहीं लगाने वाले 56 लोगों पर किया जुर्माना

भास्कर संवाददाता | रतलाम

स्वच्छता के साथ नगर निगम कोरोना से सुरक्षा को लेकर भी अभियान चलाए हुए हैं। इसके तहत रविवार को विभिन्न इलाकों में कार्रवाई करते हुए सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वाले 17 और बिना मास्क पहने घूम रहे 56 व्यक्तियों पर जुर्माना लगाया। स्वास्थ्य अमले ने गंदगी करने पर लोकेंद्र, अजय अलकापुरी, कमल, सुभाष, भूपेंद्र विनोबा नगर, रमेश, प्रवीण मोहन नगर, लालसिंह जवाहर नगर, राजेश पाठक कस्तूरबा नगर पर 100 रुपए, कपिल, सुनील विनोबा नगर, बाबूलाल तिवारी, राजेश मोहन नगर, हिम्मत, रतन, उमेश, विकास जवाहर नगर पर 50 रुपए का स्पॉट फाइन लगाया। इसके अलावा सैलाना बस स्टैंड, बाजना बस स्टैंड और महू रोड बस स्टैंड पर बिना मास्क लगाए घूम रहे 56 व्यक्तियों से 100 रुपए का जुर्माना वसूला।

13-12

## माही विहार व योगी विहार को मुख्य पेयजल पाईप लाईन से जोड़ा

रतलाम। विधायक चेतन्य काश्यप व कलेक्टर तथा निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार रतलाम विकास प्राधिकरण की माही विहार व योगी विहार कालोनी के नागरिकों पेयजल उपलब्ध कराने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन में कालोनी की पाईप लाईन को मुख्य पेयजल पाईप लाईन से जोड? का कार्य पूर्ण किया गया। निगम आयुक्त झारिया ने बताया कि रतलाम विकास प्राधिकरण की उक्त दोनो कालोनी के नागरिकों को धोलावाड़ का मीठा पेयजल उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशानुसार कालोनी की पाईप लाईन को मुख्य पाईप लाईन से जोड़ा जा चुका है रहवासियों द्वारा नल कनेक्शन लिये जाने पर पेयजल की सप्लाय प्रारंभ की जावेगी।

## शहर में बिना मास्क घूमने वाले 56 लोगों से वसूला जुर्माना

रतलाम। खुले में गंदगी करने पर लोकेंद्र, अजय अलकापुरी, कमल, सुभाष, भूपेंद्र विनोबा नगर, रमेश, प्रवीण मोहन नगर, लालसिंह जवाहर नगर, राजेश पाठक कस्तूरबा नगर से 100-100 रुपये, कपिल, सुनील विनोबा नगर, बाबूलाल तिवारी, राजेश मोहन नगर, हिम्मत, रतन, उमेश, विकास जवाहर नगर से 50-50 रुपये का जुर्माना वसूला गया। स्पाट फाइन दल द्वारा सभी को भविष्य में गंदगी नहीं करने की समझाइश दी गई। इसके अलावा शहर विभिन्न क्षेत्रों में बिना मास्क घूमने वाले 56 व्यक्तियों से 100-100 रुपये का जुर्माना वसूलकर मास्क अनिवार्य रूप से लगाने की समझाइश दी गई।



बिना मास्क घूमने पर जुर्माना वसूलते हुए निगमकर्मी। ●नईदुनिया

**राहत** • निगम की इंजीनियरिंग बनी डॉक्टरों की मुसीबत, कुत्तों के कैबिन बनाए लेकिन पार्टीशन नहीं, सफाई के लिए भी होगी परेशानी

# सात दिन में शहर में शुरू हो जाएगा कुत्तों का बधियाकरण

## 5 हजार कुत्तों के बधियाकरण का टेंडर, 5 महीने से पहले नहीं हो सकता काम, पशु चिकित्सक टीम ने देखी व्यवस्था

भास्कर संवाददाता | रतलाम

हमारे शहर की बड़ी समस्या है डॉग बाइट। हम प्रदेश में दूसरे नंबर पर है। लेकिन, एक राहतभरी खबर भी आ रही है। जी हां, शहर में 7 दिन में कुत्तों का बधियाकरण शुरू हो जाएगा। हालांकि, इस राहत के साथ कछुआ चाल भी जुड़ी है, ऐसा इसलिए क्योंकि सेंटर छोटा ही बना है। ऐसे में एक दिन में 35 से ज्यादा कुत्ते नहीं ला पाएंगे।

जिले में डॉग बाइट से ज्यादातर लोग परेशान हैं,। छोटे बच्चों तो कभी बड़ों को शिकार बनाने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। इसी बीच अब कुत्तों के बधियाकरण के लिए अस्पताल बनकर तैयार हो चुका है। जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड में 31 लाख रुपए की लागत से हॉस्पिटल का निर्माण हो चुका है। टेंडर प्रक्रिया में जयपुर की संतुलन जीव कल्याण संस्था का अनुबंध हो गया है। रविवार को संस्था के डॉ. नवीश मेहरा के साथ आई टीम ने व्यवस्थाओं को देखा। डॉ. मेहरा के मुताबिक संस्था 7 दिन में काम शुरू कर देगी।

**एक कैबिन में 10-12 कुत्ते ही रख सकेंगे** - सेंटर में 12 कैबिन बनाए हैं, एक कैबिन में 10 से 12 कुत्तों को रख सकेंगे। एक कुत्ते को कम से कम तीन दिन तक सेंटर में रहना होगा। ऐसे में एक दिन में 35 कुत्तों के बधियाकरण का टारगेट है। 1 कुत्ते के बधियाकरण पर 1 हजार रुपए का खर्च होगा। पहले चरण में 5 हजार कुत्तों के बधियाकरण का टेंडर हुआ है। इसमें भी 5 महीने का वक्त लगेगा।



जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड में बने कुत्तों के अस्पताल में व्यवस्था देखती हुई जयपुर से आई पशु चिकित्सक की टीम।

### ऐसे होगा बधियाकरण

1. शहर के अलग-अलग इलाकों से कुत्तों को लेकर जुलवानिया में बने अस्पताल लाया जाएगा।
2. यहां कुत्तों को लाकर एक कैबिन में रखा जाएगा।
3. कुत्तों को रात का खाना नहीं दिया जाएगा, क्योंकि सर्जरी भूखे पेट ही की जाती है। सुबह सर्जरी होगी।
4. सर्जरी के बाद कुत्तों को कैबिन में रखा जाएगा, यहां तीन दिन तक निगरानी और दवा दी जाएगी।
5. पूरी तरह रिकवर हो चुके कुत्तों को वाहन से उनके स्थान पर छोड़ दिया जाएगा।

### परेशानी : कैबिन में कुत्ते गंदगी करेंगे

- निगम की इंजीनियरिंग डॉक्टरों की मुसीबत बन गई।
- कुत्तों को रखने के लिए 12 अलग-अलग कैबिन बनाए गए है। लेकिन, यह कैबिन पूरी तरह पैक है।
- दो कैबिन में छोटा गेट होना चाहिए था।
- ऐसा इसलिए क्योंकि एक कैबिन से कुत्तों को आसानी से दूसरे कैबिन में रेफर कर दें।
- कैबिन खाली होने पर सफाई भी हो सके।
- कैबिन पैक होने से कुत्तों को बाहर निकालना होगा, जिसमें कई खूंखार कुत्ते भी होंगे, जिनसे खतरा रहेगा।
- यदि छोटा गेट होता तो पहले दिन के बाद बिना खतरे के रोज कैबिन बदलते रहे। मुख्य गेट नहीं खोलना होता।

**7 दिन में काम शुरू कर देंगे**

*हमने व्यवस्थाओं को देखा है। 7 दिन में बधियाकरण शुरू कर देंगे। लोगों से अपील है कि सहयोग करें। एक कुत्ते को 3 दिन सेंटर में रखा जाएगा। पूरी तरह रिकवर होने के बाद ही छोड़ेंगे।* **डॉ. नवीश मेहरा**, *पशु चिकित्सक, संतुलन जीव कल्याण संस्था*

13-12-21

# गीता मंदिर [illegible]
# अतिक्रमण [illegible]

## नगर पालिका निग[illegible]

भास्कर संवाददाता | रतलाम

नगर निगम और जिला प्र[illegible] संयुक्त मुहिम चलाकर स[illegible] जमीन से सालों पुराना अति[illegible] हटा रहा है। जहां से अति[illegible] हटाया जा रहा है वहां फिर अति[illegible] होना शुरू हो गया है। निगम ने [illegible] मंदिर टीआईटी रोड स्थित रो[illegible] के जर्जर मकानों को गिराकर [illegible] हो रहे अतिक्रमण हटाकर [illegible] खाली करवाई थी। अब इस पर अतिक्रमण होने लगा है। यहां [illegible] गुमटी लग गई है। खास बात [illegible] कि गुमटी पर नगर पालिका [illegible] रतलाम लिखा है। एक सप्ताह [illegible] ही यहां अतिक्रमण हटाकर जे[illegible] से जमीन का लेवल व्यवस्थित [illegible]

नियरिंग बनी डॉक्टरों की मुसीबत, कुत्तों के कैबिन बनाए लेकिन पार्टीशन नहीं, सफाई के लिए भी होगी परेशानी

# ें शहर में शुरू हो जाएगा कुत्तों का बधियाकरण

## 5 हजार कुत्तों के बधियाकरण का टेंडर, 5 महीने से पहले नहीं हो सकता काम, पशु चिकित्सक टीम ने देखी व्यवस्था

ख रुपए की लागत से हॉस्पिटल निर्माण हो चुका है। टेंडर प्रक्रिया जयपुर की संतुलन जीव कल्याण स्था का अनुबंध हो गया है। रविवार संस्था के डॉ. नवीश मेहरा के साथ ई टीम ने व्यवस्थाओं को देखा। मेहरा के मुताबिक संस्था 7 दिन काम शुरू कर देगी।

**क कैबिन में 10-12 कुत्ते ही व सकेंगे** - सेंटर में 12 कैबिन नाए हैं, एक कैबिन में 10 से 12 त्तों को रख सकेंगे। एक कुत्ते को म से कम तीन दिन तक सेंटर में ना होगा। ऐसे में एक दिन में 35 त्तों के बधियाकरण का टारगेट है। 1 त्ते के बधियाकरण पर 1 हजार रुपए खर्च होगा। पहले चरण में 5 हजार त्तों के बधियाकरण का टेंडर हुआ । इसमें भी 5 महीने का वक्त लगेगा।



जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड में बने कुत्तों के अस्पताल में व्यवस्था देखती हुई जयपुर से आई पशु चिकित्सक की टीम।

### ऐसे होगा बधियाकरण

1. शहर के अलग-अलग इलाकों से कुत्तों को लेकर जुलवानिया में बने अस्पताल लाया जाएगा।
2. यहां कुत्तों को लाकर एक कैबिन में रखा जाएगा।
3. कुत्तों को रात का खाना नहीं दिया जाएगा, क्योंकि सर्जरी भूखे पेट ही की जाती है। सुबह सर्जरी होगी।
4. सर्जरी के बाद कुत्तों को कैबिन में रखा जाएगा, यहां तीन दिन तक निगरानी और दवा दी जाएगी।
5. पूरी तरह रिकवर हो चुके कुत्तों को वाहन से उनके स्थान पर छोड़ दिया जाएगा।

### परेशानी : कैबिन में कुत्ते गंदगी करेंगे

- निगम की इंजीनियरिंग डॉक्टरों की मुसीबत बन गई ।
- कुत्तों को रखने के लिए 12 अलग-अलग कैबिन बनाए गए है। लेकिन, यह कैबिन पूरी तरह पैक है।
- दो कैबिन में छोटा गेट होना चाहिए था।
- ऐसा इसलिए क्योंकि एक कैबिन से कुत्तों को आसानी से दूसरे कैबिन में रेफर कर दें।
- कैबिन खाली होने पर सफाई भी हो सके।
- कैबिन पैक होने से कुत्तों को बाहर निकालना होगा, जिसमें कई खूंखार कुत्ते भी होंगे, जिनसे खतरा रहेगा।
- यदि छोटा गेट होता तो पहले दिन के बाद बिना खतरे के रोज कैबिन बदलते रहे। मुख्य गेट नहीं खोलना होता।

**7 दिन में काम शुरू कर देंगे**

*हमने व्यवस्थाओं को देखा है। 7 दिन में बधियाकरण शुरू कर देंगे। लोगों से अपील है कि सहयोग करें। एक कुत्ते को 3 दिन सेंटर में रखा जाएगा। पूरी तरह रिकवर होने के बाद ही छोड़ेंगे।* **डॉ. नवीश मेहरा**, *पशु चिकित्सक, संतुलन जीव कल्याण संस्था*

# गीता मंदिर के सामने फिर से अतिक्रमण करने रखी गुमटी

## नगर पालिका निगम लिखा हुआ है गुमटी पर

भास्कर संवाददाता | रतलाम

नगर निगम और जिला प्रशासन संयुक्त मुहिम चलाकर सरकारी जमीन से सालों पुराना अतिक्रमण हटा रहा है। जहां से अतिक्रमण हटाया जा रहा है वहां फिर अतिक्रमण होना शुरू हो गया है। निगम ने गीता मंदिर टीआईटी रोड स्थित रोडवेज के जर्जर मकानों को गिराकर यहां हो रहे अतिक्रमण हटाकर जमीन खाली करवाई थी। अब इस पर फिर अतिक्रमण होने लगा है। यहां एक गुमटी लग गई है। खास बात यह है कि गुमटी पर नगर पालिका निगम रतलाम लिखा है। एक सप्ताह पहले ही यहां अतिक्रमण हटाकर जेसीबी से जमीन का लेवल व्यवस्थित किया गया था। करोड़ों रुपए की बेशकीमती जमीन पर फिर अतिक्रमण होने लगा है। जबकि दस दिन पहले ही जेसीबी से यहां अतिक्रमण हटाया गया था। जमीन पर जर्जर मकानों के साथ ही आगे गुमटियां और फलों की दुकानें भी लगी थी। इन्हें हटाया था।



गीता मंदिर रोड पर नगर पालिका निगम के नाम से रखी गुमटी।

13-12-21

दैनिक भास्कर
रतलाम
13-12-21


# हमारे इंडिया गेट के ऐसे हाल... अमर जवान की बंदूक टूटी, तोप दो हिस्सो



शेर उखड़ा... लाल पत्थर के शेर लगाए थे वे भी उखड़ने लगे हैं।



टूट गई तोप... गेट परिसर में लगाई तोप टूटकर दो हिस्सों में बंट गई है।



बंदूक टूटी, टोपी गायब... अमर जवान के बंदूक के ऊपर की टोपी गायब है।



पत्थर टूटने लगे... लाल पत्थर से बा

रतलाम | शहर के प्रमुख चौराहा शहीद चौक में दिल्ली की तर्ज पर लाल पत्थरों से मिनी इंडिया गेट का निर्माण किया गया है। शहीदों की याद में बनाए गए इस गेट की देखरेख नहीं हो रही। यहां लगी तोप के दो टुकड़े हो गए हैं तो अमर जवान की बंदूक टूट गई और उसके ऊपर लगी टोपी भी टूट चुकी है। यहां लगाई शेर की प्रतिमाएं और लाल पत्थर भी उखड़ने लगे हैं। परिसर में आने के लिए एक गेट लगाया था जो गायब हो चुका है।

## इसलिए बनाया इंडिया गेट

शहीदों की याद में दिल्ली की तर्ज पर इंडिया गेट बनाया गया है। 16 जुलाई 1946 में मिल बंदी, प्रदर्शन हुआ था। तब गोलियां चलने से पांच लोग शहीद हो गए थे। उसकी याद में इंडिया गेट का से अब यह बदहाल है। पूर्व पार्षद प्रतिनिधि इक्का बैलूत ने बताया निगम ने गेट बना दिया, र

13-12-21



# इंडिया गेट के ऐसे हाल... अमर जवान की बंदूक टूटी, तोप दो हिस्सों में बंटी



भी उखड़ने लगे हैं।



**टूट गई तोप...** गेट परिसर में लगाई तोप टूटकर दो हिस्सों में बंट गई है।



**बंदूक टूटी, टोपी गायब...** अमर जवान के बंदूक के ऊपर की टोपी गायब है।



**पत्थर टूटने लगे...** लाल पत्थर से बाउंड्रीवॉल बनाई थी जो उखड़ने लगी है।

...क में दिल्ली की तर्ज पर लाल पत्थरों से मिनी इंडिया गेट का निर्माण किया गया है। शहीदों की याद में ... यहां लगी तोप के दो टुकड़े हो गए हैं तो अमर जवान की बंदूक टूट गई और उसके ऊपर लगी टोपी भी ...और लाल पत्थर भी उखड़ने लगे हैं। परिसर में आने के लिए एक गेट लगाया था जो गायब हो चुका है।

## इसलिए बनाया इंडिया गेट

शहीदों की याद में दिल्ली की तर्ज पर इंडिया गेट बनाया गया है। 16 जुलाई 1946 में मिल बंदी, राशन में कटौती, महंगाई के विरोध में प्रदर्शन हुआ था। तब गोलियां चलने से पांच लोग शहीद हो गए थे। उसकी याद में इंडिया गेट का निर्माण किया गया है। देखरेख नहीं होने से अब यह बदहाल है। पूर्व पार्षद प्रतिनिधि इक्का बैलूत ने बताया निगम ने गेट बना दिया, लेकिन देखरेख नहीं की जा रही है।

## शहर के किसी भी चौराहे पर यातायात प्रबंधन की योजना नहीं

# निगम और यातायात विभाग का खेल शहर में सिग्नल व्यवस्था फेल

### कोरोनाकाल के पहले शहर में हुए सिग्नल बंद, अब तक चालू करने के प्रयास तक नहीं

### दो बत्ती चौराहा, लोकेंद्र टॉकीज चौराहा और सैलाना बस स्टैंड सब जगह एक से हालात



### कब सुधरेगी व्यवस्था

**चालू हो सिग्नल**




रतलाम. करीब 4 लाख की आबादी को पहुंच रहे रतलाम शहर में यातायात प्रबंधक को लेकर कोई साकार योजना ही नहीं है। जितनी बार नए अधिकारी आए, उन्होंने अपने अनुसार योजना बनाई, लेकिन स्थायी व कारगार योजना के अभाव में शहर में यातायात को लेकर एक भी योजना धरातल पर उतरकर लंबी नहीं चल पाई। इस बात को इसी से समझा जा सकता है कि शहर के सबसे व्यस्त रहने वाले दो बत्ती क्षेत्र में कोरोना के पूर्व यातायात संचालन की दृष्टि से जो सिग्नल चलते थे वे डेढ़ वर्ष से बंद हैं, लेकिन उसकी परवाह किसी को नहीं है।

शहर में वर्ष में एक बार यातायात विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है। इस दौरान यातायात के नियम के पालन की सीख दी जाती है। यहां तक की अंतिम दिन आयोजन करके सड़क पर यातायात के नियम के पालन का संकल्प दिलाया जाता है, लेकिन शहर में यातायात की दृष्टि से जरूरी सिग्नल की बात करें तो ये कही भी नजर नहीं आते हैं। हालात यह है कि दो बत्ती क्षेत्र में तो यातायात संचालन की दृष्टि से करीब दस वर्ष पूर्व जो सिग्नल लगाए गए थे, वे अब स्थायी रुप से बंद हो गए हैं। इतना ही नहीं, एक दिन में यहां से निकलने वाले करीब 10 हजार से अधिक वाहन को दिशा देने के लिए कभी दो तो कभी तीन जवान खड़े कर दिए जाते हैं।




### कहीं सिग्नल गायब कहीं छतरी लगी

ऐसा नहीं है कि सिर्फ दो बत्ती क्षेत्र में यातायात सिग्नल खराब हो। इसके अलावा लोकेंद्र टाकिज रोड पर भी यातयात के सिग्नल थे, अब वो तो हटा ही दिए गए। इसके अलावा नाहरपुरा चौराहे पर भी सिग्नल थे, वे भी अब हटा दिए गए हैं। इनके स्थान पर यातायात के जवान को खड़ा करने के लिए छतरी बनाई गई थी, कुछ स्थान पर छतरी तो है, लेकिन यातायात संचालन के लिए बस जवान ही नहीं रहता है।

### दिखवाएंगे क्यों बंद है

कार्यालयीन दिवस में दो बत्ती क्षेत्र के यातायात सिग्नल को दिखवाया जाएगा यह क्यो बंद है। अगर तकनीकी समस्या होगी तो सुधार कार्य करवाया जाएगा।

**- सोमनाथ** झारिया, आयुक्त नगर निगम

शहर को जिम्मेदारों ने प्रयोगशाला बनाया हुआ है। जब नए अधिकारी आते हैं, पूर्व की योजना को रद्द करके नए नियम लागू कर दिए जाते हैं। अब तक यातायात सुधार के लिए गंभीरता से प्रयास किए ही नहीं गए।

**- अनिल कटारिया,** रामगढ़

### योजना पर काम हो रहा है

सिग्नल की योजना पर काम हो रहा है। नगर निगम के माध्यम से चौराहो पर नए सिग्नल लगाए जाएंगे ताकि व्यवस्था सुचारू हो सके।

**गौरव तिवारी,** पुलिस अधीक्षक, रतलाम।

# महारुद्र यज्ञ का आयोजन 24 से 3 जनवरी तक होगा

नवभारत 13-12-21



रतलाम। श्री सनातन धर्म सभा एवं महारुद्र यज्ञ समिति की बैठक त्रिवेणी तट स्थित संत निवास में कन्हैयालाल मौर्य की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

▸ **श्री सनातन धर्म सभा एवं महारुद्र यज्ञ समिति के बैठक हुई**

जिसमें प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष श्री सनातन धर्म सभा एवं महारुद्र यज्ञ समिति के त्वाधान में त्रिवेणी के पावँन तट पर 68 वां महारुद्र यज्ञ का आयोजन 24 दिसंबर से 3 जनवरी 2022 तक आयोजित किया जाएगा। जिसके अंतर्गत प्रतिदिन विभिन्न आयोजन आयोजित किए जाएंगे।

23 दिसम्बर को प्रात: 9 अगरजी का मंदिर में चौमुखा महादेव का अभिषेक किया जाएगा पश्चात प्रात: 11 हिमाद्रि स्नान त्रिवेणी के पावन तट पर किया जाएगा। वहीं 24 दिसंबर को प्रात: 11.30 बजे ध्वजारोहण पश्चात अग्नि प्रवेश कर यज्ञ का शुभारंभ संतों के सानिध्य में किया जाएगा। 1 जनवरी 2022 शनिवार दोपहर 3 बजे त्रिवेणी के पावन तट से रथ यात्रा निकाली जाएगी। 2 जनवरी 2022 रविवार अमावस्या के पावन अवसर पर माता एवं बहनों के लिए गंगाजल का विशेष आयोजन दोपहर 2 बजे किया जावेगा गंगाजल के पश्चात आगामी 69 वे महारुद्र यज्ञ के यजमान हेतु ड्रा निकाला जाएगा। 3 जनवरी 2022 सोमवार दोपहर 3 बजे 68 वें महारुद्र यज्ञ की पूर्णाहुति की जाएगी। प्रतिदिन संध्या आरती 5 बजे की जाएगी पश्चात विभिन्न धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। विशेष प्रतिदिन प्रात: 11 बजे परम पूज्य डोंगरेजी महाराज द्वारा स्थापित अन्न क्षेत्र पर भोजन कराया जाएगा। उक्त जानकारी सचिव नवनीत सोनी ने दी।

## यह थे मौजूद

बैठक आचार्य दुर्गाशंकर ओझा, पं.रामचंद्र शर्मा, लालचंद, प्रेम उपाध्याय, रमेश व्यास, बृजेंद्र मेहता, अनिल झालानी, बजरंग पुरोहित, मनोज शर्मा, नरेंद्र जोशी गुड्डू, बंसीलाल शर्मा, सत्यदीप भट्ट, अशोक देवड़ा, राजा राठौड़, सूरजमल टांक, बद्रीलाल पाटीदार, कपूर सोनी, सत्यनारायण पालीवाल, बालुलाल त्रिपाठी, चेतन शर्मा, महिला मंडल अध्यक्ष हंसा व्यास, श्रीमती ताराबेन सोनी, राखी व्यास, सावित्री देवी सोनी, निर्मला सोनी, आशारानी उपाध्याय, प्रेमलता देवड़ा, माया सोनी, जया सोनी, वंदना पोरवाल आदि उपस्थित थे।

---

रहवासियों ने कहा इससे बारिश में आएगा घर में पानी

# पाइप डालकर किया नाला छोटा

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



13-12-21

रतलाम. शहर के घांसबाजार - सायर चबुतरा क्षेत्र में शिक्षा विभाग की तरफ जाने वाले मार्ग पर नगर निगम ने पूर्व के बने नाले में नया पाइप डाला है। इसका अब रहवासी विरोध करने लगे है। रहवासियों का कहना है कि इससे बारिश के दौरान पानी घर में आएगा। इसकी वजह घर की सतह नीचे व जो नाला बनाया है, उसकी दीवार ऊंची कर दी गई है।

शहर के घास बाजार से शिक्षा विभाग सायर चबूतरा जाने वाले रोड पर नगर निगम द्वारा पुराने नाले को तोड़कर नया बनाया जा रहा है, लेकिन आसपास के रहवासी व कारोबारियों ने अब इसका विरोध शुरू कर दिया है। रहवासियों के अनुसार पूर्व में यह नाला 3 से 4 फिट चौड़ा था, लेकिन नए नाले निर्माण के बाद अब जब इसमे पाइप डाला गया, उसके बाद यह डेढ़ से दो फिट चौड़ा ही रह गया है। इसके अलावा इसकी ऊंचाई बढ़ा दी गई है पूर्व के समय से बारिश के दौरान इस क्षेत्र में पानी भरता रहा है, ऐसे में अब नाले की ऊंचाई बढ़ने से बारिश में समस्या आएगी, क्योंकि पानी भरेगा व घरों व दुकानों में आएगा। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने मामले में कहा कि वे क्षेत्र में जाकर निरीक्षण करेंगे इसके बाद रहवासियों से चर्चा करके निर्णय लिया जाएगा।

मीटर भी लगाया

# राजबाग, अष्ट विनायक व लालबाग कॉलोनी में टंकी से जुड़ी निगम की पेयजल लाइन

रतलाम. शहर की पॉश कॉलोनी राजबाग व इससे जुड़ी अष्ट विनायक सहित नई बन रही लालबाग में रहने वाले सैंकड़ों रहवासियों को भी अब नगर निगम का पेयजल मिल सकेगा। इसके लिए रविवार को निगम के पेयजल वितरण विभाग ने पेयजल की बड़ी लाइन को कॉलोनी की विभिन्न टंकियों से जोड़ दिया है। इसके लिए मीटर भी लगा दिए हैं। आगामी समय में पेयजल का भुगतान कॉलोनी की सोसायटी करेगी।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया शहर की ऐसी कॉलोनियां जिन्हे धोलावाड़ की मुख्य पाईप लाईन से जोड़ा जा चुका था, किन्तु पेयजल सप्लाय शुरू होना शेष था, ऐसी कॉलोनियों में पेयजल सप्लाय की कार्यवाही नगर निगम के जलप्रदाय विभाग द्वारा शुरू कर दी गई है। जिसके अंतर्गत रविवार को राजबाग, अष्ट विनायक व लालबाग कॉलोनी में मीटर लगाकर रविवार से पेयजल वितरण शुरू कर दिया गया



है। पेयजल सप्लाय की कार्यवाही के दौरान कार्यपालन यंत्री मोहम्मद हनीफ शेख, उपयंत्री सुहास पंडित, बीएल चौधरी व जलप्रदाय विभाग का अमला उपस्थित था।

## लालबाग में चल रहा निर्माण

हालांकि राजबाग व अष्ट विनायक में रहवासी बड़ी तादात में रहने लगे है व लालबाग में आवास का निर्माण अब शुरू होगा। लेकिन लालबाग में जो रहने आएंगे उनको पहले ही दिन से धोलावाड़ का पेयजल मिलेगा।